तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 सण्डी स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



10 श्रमिक पंजीयन के लिए 42 लाख से ज्यादा आवेदन...




## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री साव आज बेमेतरा में, आवास मेला में होंगे शामिल



**बेमेतरा।** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री अरुण साव आज 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिले में आवास योजना के लिए वातावरण निर्मित किए जाने के लिए कार्यक्रम जिला मुख्यालय बेमेतरा के टाउनहॉल में आयोजित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयालदास बघेल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू होंगे। विशिष्ट अध्यक्ष ज़िला पंचायत सुनीता हीरालाल साहू शामिल होंगी। मालूम हो कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत लगभग 15000 आवास स्वीकृत, पिछले माह सितम्बर में हुए हैं। इसी दिन प्रभारी मंत्री श्री साव कलेक्टोरेट के दिशासभा कक्ष में दोपहर 12.30 बजे विभिन्न विभागों के ज़िला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे और कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। अपराह्न 3.00 बजे पीएम आवास मेला में शामिल होंगे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि खातों में पहुंची

**गुरूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त जारी की। इसके तहत देश के किसानों के 9.4 करोड़ से अधिक किसानों को 20,000 करोड़ राशि हस्तांतरित की गई। योजना के तहत तहसील मुख्यालय गुरुर के किसानों का पीएम किसान सम्मान निधि योजना का कार्यक्रम जनपद सभागार में कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में ब्लॉक के किसान शामिल हुए। कार्यक्रम में कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने किसानों को कार्यक्रम में बताया कि पीएम किसान योजना के तहत किसान परिवार को सालाना 6000 रूपये तीन किस्तों में 2000 करके दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य किसानों की आर्थिक मदद कर खेती किसानी कार्य के लिए सहायक होती है। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री अजेंद्र साहू, कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर, ग्रामीण कृषि विस्तार टिकेंद्र पटेल, पूर्णिमा भार्गव, मुकेश साहू, राजेश पटेल किसान मोतीराम साहू, दीनूराम सहित अधिक संख्या में किसान शामिल हुए।

### कुसुमकसा में डेंगू की दस्तक



**कुसुमकसा।** इन दिनों कुसुमकसा के लोग अपने तथा अपने परिवार वालों के स्वास्थ्य को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल कुसुमकसा में कुछ ही दिनों में डेंगू के लगभग 7 मरीज मिले हैं। इनमें से कुछ लोग निजी अस्पतालों में उपचार करवा कर स्वस्थ्य होकर वापस आ गए हैं, तो वहीं एक-दो पीड़ित बड़े शहरों के अस्पतालों में भर्ती होकर अभी भी उपचार करा रहे हैं। इस बीच लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ ही मितानिन भी घर-घर जाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पूरा कपड़ा पहनाकर रखने, गर्भवती महिलाओं को मच्छरदानी लगाकर सोने सहित घर के कूलर सहित अन्य जगह में पानी का जमाव नहीं होने देने सहित स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दे रहे हैं।

# बैंकों, बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं, लोग सड़कों पर खड़ा कर रहे वाहन, चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में संचालित बैंकों के पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही बाजारों में भी पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं है, जिससे यहां आने वाले उपभोक्ता गाड़ियों को सड़क पर खड़ी कर दे रहे हैं। इस कारण सड़क पर दूसरे वाहनों के लिए जगह ही नहीं बचती और दिनभर ट्रैफिक जाम होता रहता है। उपभोक्ताओं के साथ-साथ इस जगह रहने वाले रहवासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मुख्य सड़क पर स्थित दुकान और बैंकों के कारण शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

## त्योहारी सीजन में दुकानों का सामान सड़क पर होने से भी लग रहा जाम



### कार्रवाई के बाद भी नहीं मानते दुकानदार

प्रताप चौक से शीतला मंदिर मार्ग में नगर पालिका और राजस्व हमले ने कई बार ट्रैफिक पुलिस के साथ दुकानों के बाहर सड़क पर समान नहीं रखने की समझाइश दी है। वहीं, प्रशासन ने कुछ दुकानदारों पर कार्रवाई भी की, परंतु फिर से वही स्थिति बनी रहती है। पूर्व में बेमेतरा में पदस्थ आईएएस सुरुचि सिंह द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद व्यापारियों ने बाकायदा उनकी कार्रवाई के बाद सामानों को अंदर ही रखते थे, परंतु फिर से दुकानदार सड़क पर सामान निकलकर सड़क पर काबिज हो गए हैं। इसके अलावा उपभोक्ता भी अपनी दो पहिया वाहन खड़ी कर रहे हैं। इसके कारण 30 फीट की सड़क 10 से 8 फीट की हो जाती है। आम जनता फिर प्रशासन की कारवाई की बाट जोह रही ताकि शहर में आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

इन दिनों त्यौहारी सीजन में लोग, बाजारों से लेकर बैंकों में पहुंच रहे हैं। जहां हर रोज बैंक के सामने गाड़ियों की अव्यवस्थित ढंग से खड़ी कर रहे हैं इसी तरह शहर के अन्य मार्गों में स्थित बैंकों के पास भी, यही स्थिति रहती है। दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि पर यह हाल है तो आगामी दीपावली त्योहार के चलते गांव के लोग खरीदारी करने पहुंचेंगे तो परेशानी बढ़ेगी। प्रताप चौक के पास देना बैंक के सामने पार्किंग नहीं होने के कारण जाम लगा रहता है, तो वहीं प्रताप चौक से शीतला मंदिर मार्ग, सदर रोड, नवीन बाजार, बाजार पारा तक भी शहर से गुजरने वाली नेशनल हाईवे के दुकानों में भी पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण यहां ▸▸| शेष पेज 11 पर

## पूर्व विधायक छाबड़ा ने पत्रकार वार्ता लेकर उठाए सवाल, की कार्रवाई की मांग

# श्री राम मंदिर की भूमि की रजिस्ट्री शून्य करें क्रेता-विक्रेता और अधिकारी पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

श्री राम मंदिर जमीन की खरीदी बिक्री के मामले में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर श्री रामचंद्र मंदिर की भूमि की रजिस्ट्री को शून्य करने के साथ ही क्रेता भाजपा नेता व विक्रेता सहित संबंधित अधिकारी के खिलाफ कारवाई किए जाने की मांग की। वहीं, कारवाई नहीं किए जाने पर कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है।

- कार्रवाई नहीं किए जाने पर कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन की दी चेतावनी

रविवार को अपने कार्यालय में श्री राम मंदिर के लिए दान करने वाले के परिवार जनों की उपस्थिति में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि ग्राम मजगांव में स्थित रामचंद्र जी मंदिर का विक्रय का मामला सामने है, जिसमें बिना कलेक्टर की अनुमति के मंदिर की भूमि के विक्रय का प्रावधान नहीं है। लेकिन, कलेक्टर से अनुमति लिए बिना ही क्रय विक्रय करके जनमानस की भावना को ठेस पहुंचाया गया है, सन 2020 में खरीदे हुए जमीन को फिर से बिक्री की गई है। मजगांव मामले में कलेक्टर ने दो पटवारी को निलंबित कर दिया गया है, जबकि इसमें बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होना था, जिसमें तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इस मामले पर मांग करते हुए कहा है कि रजिस्ट्री को शून्य किया जाए। क्रेता विक्रेता के खिलाफ मामला दर्ज हो दूसरा जो अधिकारी दोषी है, उसे पर भी कार्यवाही हो साथ ही कांग्रेस के द्वारा इस मामले पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नेतृत्व में कलेक्टर से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**फिर से मंदिर के नाम पर किया जाए नामांतरण:** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मैं शासन से यह मांग करता हूँ। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति बेमेतरा में गैर राजनैतिक धर्म क्षेत्र में योगदान देने वाले तथा सामाजिक ▸▸| शेष पेज 11 पर



**दो पटवारी निलंबित :** पूर्व विधायक छाबड़ा ने बताया कि ग्राम मजगांव तहसील जिला बेमेतरा के खसरा नं. 465 रकबा 1.66 हे. लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि को भाजपा नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी ने अपनी पत्नी प्रभा माहेश्वरी के नाम से यह जानते हुए खरीदी है, कि वह भूमि भगवान श्रीराम चंद्र जी मूर्ति मंदिर की सम्पत्ति है, और वह सार्वजनिक न्यास की भूमि है। जब ग्राम मजगांव की यह भूमि बेची जा रही थी, तो वहां के पटवारी भाजपा पार्षद का सगा भाई था जो श्रीराम चंद्र जी मूर्ति मंदिर के भूमि का नक्शा, खसरा, बी-1 को उपलब्ध कराया है, जिसे प्रारंभिक रूप से कलेक्टर ने भी ग्रामवासियों की शिकायत में की गई जाँच में सही पाया है और 4 अक्टूबर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया है, साथ एक अन्य पटवारी को भी निलंबित किया है।

### बिना सबूत के मुझे बदनाम करने में लगे थे भाजपाई

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के यही लोग है, जो चुनाव के वक्त श्रीराम मंदिर जमीन मामले में मुझे बिना किसी तथ्य, सबूत के चुनावी फायदा लेने के लिए बदनाम करने में लगे हुए थे। जबकि मैंने उस समय भी कहा था और आज भी कह रहा हूँ कि मुझे या मेरे परिवार को भगवान श्रीराम मंदिर के जमीन से कोई लेना देना नहीं मैंने अपने विधायक पद पर रहते हुए ही दो बार कलेक्टर से इस प्रकरण की गंभीरता से जाँच करने व दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जाँच समिति भी बनाई गई सरकार बदलने के बाद आज तक भाजपा नेताओं के दबाव में उस जांच कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। भाजपा नेता और उसके अनुषांगिक संगठन विश्व हिन्दू परिषद के नेता जो मेरे विरूद्ध षडयंत्र के समय धरना प्रदर्शन में बैठे थे, चाहे वह पार्षद हो या विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी हो ये सभी इस प्रकरण में चुप्पी साधे क्यों बैठे है, जबकि पार्षद पूर्व में गांधी मैदान में आमरन अनशन में बैठी थी । चार एकड़ 15 डिसमील भूमि को कुल बाजार मूल्य ग्यारह लाख बैसठ हजार पांच सौ रूपए में बेचा गया है, जबकि उस जमीन का वास्तविक मूल्य करोड़ों में है। इस तरह भाजपा नेता द्वारा करोड़ों की ▸▸| शेष पेज 11 पर

## बेरला ब्लॉक के बहेरघट का मामला

# पाइपलाइन विस्तार में लापरवाही सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के साजा सब डिवीजन अंतर्गत बेरला विकासखण्ड में अमृत जल जीवन मिशन के तहत गाँव में वाटर टैंक निर्माण एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य के क्रियान्वयन के दौरान निर्माण ठेकेदार के द्वारा बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है, जो ग्रामीणों की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ साबित हो सकता है। जिस पर सम्बन्धित पीएचई विभाग के अफसरों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होता है।

ताज़ा मामला बेरला ब्लॉक के बहेरघट में दिखाई दिया, जहां पर इन दिनों पाइपलाइन विस्तार कार्य के दौरान गाँव की सड़क को बीच से खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, जो ज़रा सी चूक पर गाँव में बड़े हादसे का कारण बन सकता है। जबकि देखा जाए तो यह गाँव का अहम सड़क है जहां पर आसपास के बस्ती वालों का आना- जाना निरन्तर लगा रहता है।

इसके बावजूद बीच सड़क को गड्ढे में तब्दील कर पीएचई विभाग एवं निर्माण ठेकेदार दुर्घटनाओं के लिए खुली दावत दी जा रही है। इसके अलावा ऐसे ही बेरला क्षेत्र के अन्य गाँव मे जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार के क्रियान्वयन में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है, जो कि बड़ा ही गम्भीर मामला है। गाँव के स्थानीय ग्रामीणों की मांग है कि इस सम्बंध में जिला प्रशासन को ध्यान देकर लापरवाहीपूर्वक कार्य करने वाले ठेकेदार एवं जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# जिले में शुरू हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगरपालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली व पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाना है । कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान जागव-बोटर जाबो कार्यक्रम चलाया जा रहा है । जिले में जागव बोटर जाबो कार्यक्रम के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों को उनके मतदान के अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना होता है।

ऐसे कार्यक्रमों में आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया, वोट की शक्ति, और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी जाती है। यह पहल खासकर उन क्षेत्रों में की जाती है जहाँ मतदान प्रतिशत कम होता है, या लोग चुनावी प्रक्रिया में कम हिस्सा लेते हैं। इस प्रकार की जागरूकता से समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के महत्व का बोध होता है, जिससे लोकतंत्र की मजबूती में योगदान होता है।

### तेज रफ्तार में बस चलाने से मना किया तो बाइक सवार को पीटा

**बालोद।** तेज गति से लापरवाही पूर्वक बस चलाने से मना करने पर बस ड्राइवर और दो अन्य लोग एक बाइक चालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट हो गई। पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इन दिनों जिला मुख्यालय के गंजपारा से लेकर दल्लीराजहरा रोड कोतवाली थाना तक बस चालकों की भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। शहर में भीड़भाड़ अधिक होने और व्यस्ततम मार्ग होने के बाद भी बस चालकों द्वारा तेज रफ्तार में गाड़ी चलाई जाती है। वहीं, तेज रफ्तार से छोटे वाहनों के बेहद नजदीक से होकर गुजरने के कारण इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है और कई बार दुर्घटना भी हुई है। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब एक बाइक चालक सड़क किनारे चल रहा था।

# प्लांट के खिलाफ आंदोलन को सर्व समाज ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



ग्राम पथर्रा में एथेनाल प्लांट के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन का एक पखवाड़ा पूरा हो गया। इस आंदोलन को रविवार सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पहुंच कर आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान किया। इस दौरान आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि एक पखवाड़े के बाद भी प्रशासन की दोगली नीति से लोगों में मिश्रित आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।प्रशासन की अनदेखी से अब महिलाएं प्लांट में ताला बंदी के लिए बेहद उग्र और अग्रसर दिखाई दे रही हैं। अब शीघ्र ही इसके लिए कार्य योजना बनाने के लिए आंदोलन स्थल पर आवाज उठा रही हैं। इस क्षेत्र में किसानों की ओर इतना लंबा आंदोलन पहली देखा जा रहा है। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्लांट बंदी से कम में किसी कीमत पर आंदोलन नहीं रूकेगा। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि किसानों का गुस्सा प्रशासन के रवैए से और भी ज्यादा बढ़ता ही जा रहा है।उधर, आंदोलनकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल लगातार जन समर्थन जुटाने में लगा हुआ है। इसी तारतम्य में सर्व समाज ने आंदोलन स्थल पर समर्थन की घोषणा की। राजधानी रायपुर से भी किसान संघ और पर्यावरण से जुड़े हुए लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, ताकि इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो सकें।

### पानी भरने को लेकर विवाद, दंपति ने की महिला की पिटाई

**बालोद।** सार्वजनिक नल में पानी भरने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पति-पत्नी ने एक महिला की डंडे से बेदम पिटाई कर दी, जिससे महिला बेहोश हो गई। महिला की शिकायत पर डौंडीलोहारा पुलिस ने सरिता बाई पटेल और उनके पति नरेन्द्र पटेल के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डौंडीलोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिवनी निवासी निरूपा बाई पटेल 6 अक्टूबर को सुबह करीबन 7 बजे गांव की गली में लगे सार्वजनिक नल में पानी भरने के लिये गई थी। उसी दौरान सरिता बाई पटेल की पुत्री कुमारी वाणी पटेल द्वारा पानी भरने की बात व पुरानी घर की रंजिश को लेकर सरिता बाई और उसके पति नरेन्द्र पटेल ने गालीगलौज करते हुए निरूपा बाई की डंडे से पिटाई शुरू कर दी। इसके साथ ही सरिता बाई ने भी हाथ मुक्का से मारपीट कर झूमा झपटी की। मारपीट करने से निरूपा के कमर व नाक में चोट आकर खून निकला था। मारपीट होने से निरूपा बाई बेहोश होकर गिर गई,

## नव दुर्गोत्सव समिति नवागढ़ के तत्वावधान में हुआ कवि सम्मेलन

# नवागढ़ में हुई वीर, श्रृंगार व हास्य रस की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़



नव दुर्गोत्सव समिति नवागढ़ के तत्वावधान में शनिवार को राज्य स्तरीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कवियों ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कवियों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत की। बता दें कि कवियों ने वीर, श्रृंगार, हास्य के साथ अपनी रचनाओं के जरिए मौजूदा राजनीतिक परिवेश पर कड़े प्रहार किए। भ्रष्टाचार व महंगाई से जूझ रहे लोगों की समस्या को भी रचनाओं के माध्यम से सामने रखा।

कवि हरीश पटेल ने अपनी मधुर वाणी से मा सरस्वती का आह्वान किया। हास्य कवि रामानंद त्रिपाठी ने हास्य से समा बांधा। पुनः हरीश पटेल ने अपने मधुर छंदमयी गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महासमुंद के हास्य कवि सुरेन्द्र अग्निहोत्रि आगी ने अपने हास्य रचनाओं से श्रोताओं को पेट पकड़ कर हंसने पर मजबूर कर दिया। गीतकार राजकमल राजपूत ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। ओज के कवि सुनील शर्मा नील ने वातावरण को राष्ट्रभक्तिमय कर दिया। चारों ओर भारत माता की जय से गूंजने लगा। छंदकार रमेश चैहान ने अपने सुंदर छंदों को प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। हास्य कवि मनोज श्रीवास्तव ने हास्य रचनाओं से बरबस ही वाहवाही लूट लिया। कवि सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए ईश्वर साहू आरूग ने श्रोताओं को देर रात तक कविता का अनुकूल वातावरण बना दिया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू ने सभी कवियों का अभिवादन करते हुए उनका स्वागत किया। कवि सम्मेलन में सैकड़ों श्रोताओं के साथ ही आयोजक समिति के सदस्यों में अमित जांगड़े, तिलक सिन्हा, गिरधारी जायसवाल, धनउ सिन्हा, हजारी प्रसाद निर्मलकर, दिनेश श्रीवास, सुमेन्द साहू, बारेलाल निर्मलकर, छोटेलाल अनुप जायसवाल, राजू, विष्णु बिसेन, पंकज, उदय, लालू, कोहल निर्मलकर और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## ख़बर संक्षेप



### भाजयुमो के सदस्यता रथ को केदार कश्यप ने किया रवाना

**रायपुर।** प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने रायपुर के कालीमंदिर से भाजयुमो के सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, युवा मोर्चा के इस अभियान से युवाओं का जुड़ाव भाजपा से अधिक से अधिक होगा। इसी कड़ी में महासमुंद में रथ को सांसद रूप कुमारी चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। भाजयुमो ने प्रदेश भर में पांच लाख कदस्य बनाने के लिए शुक्रवार से रथ यात्रा प्रारंभ की है।

### 4 करोड़ 68 लाख की लागत से होंगे नए विकास कार्य



**रायपुर।** जोन 1 क्षेत्र के वार्ड नंबर 3, 4 एवं 5 में कई नए विकास कार्य होंगे। इन कार्यों के लिए 4 करोड़ 68 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने शनिवार को इन वार्डों में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर नए विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया।

### अभिषेक बने किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने अभिषेक मिश्रा को छत्तीसगढ़



किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। नियुक्ति पर अभिषेक मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, सहित वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### डब्ल्यूआरएस अस्पताल के स्टाफ का किया सम्मान

**रायपुर।** विश्व मानवाधिकार परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा डब्ल्यूआरएस अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ का सम्मान किया गया। सीएमओ ने डॉ. मल्लेश, डॉ. युसूफ, डॉ. अवंति, डॉ. हेमंती के साथ नर्स और अन्य स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं, भोजन और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा एवं अन्नू साहू ने किया। इस कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष सुशील झा, जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा, डॉ. गीतिका, रूपेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी जयंती

**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा विगत 2 जुलाई 2023 से रायपुर राजधानी में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया।

### वर्सी महोत्सव में पहुंचे संत-महंत सीएम साय को भी आमंत्रण

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वें वर्सी महोत्सव में देशभर के तमाम धर्मस्थलों से संत, महंत, साधु शामिल होने पहुंचे हैं। वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों में से अनेक श्रद्धालु और बाबा भक्तों का आगमन हो चुका है।

जनप्रतिनिधियों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सभी विधायकों व पूरे मंत्रिमण्डल को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी दरबार के सेवादारी हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, दिलीप ईसरानी, घनश्याम कासवानी, रॉकी कासवानी, सांई सन्नी कुमार, सांई लालदास, सांई कृष्णदास, सांई रामचंद वाधवा, स्वामी हरिगिरी महाराज सेवा समिति, सांई चोइथराम व अन्य दरबारें, धमतरी व रायपुर की सभी दरबारों, पूज्य सिंधी पंचायतों को आमंत्रित किया गया है।

# भाजपा के प्रदेश में 32 लाख सदस्य बने, पिछला आंकड़ा पार, 60 लाख के पार जाने का लक्ष्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

प्रदेश भाजपा संगठन ने अब तक 32 लाख से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं। यह पुराने सदस्यता के आंकड़ों से ज्यादा है। 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सदस्यता अभियान की क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने समीक्षा करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जिस संकल्प को ले लेता है उसे पूर्ण करने के बाद ही विश्राम करता है। हमने जो संकल्प सदस्यता का लिया है उसे पूर्ण करने कोई कसर हम नहीं छोड़ रहे हैं। मंडल से लेकर बूथ और जिला स्तर तक सदस्यता अभियान को जिस तरह से सफलता मिल रही है हम अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। श्री जामवाल ने कहा, 2014 में हमने 22 लाख सदस्य बनाए थे 2019 में 9 लाख और बनाए गए। उस समय कोविड भी हमारे सामने चुनौती था। अब 2024 में 32 लाख से अधिक सदस्य अब तक बन चुके हैं। जो हमारे निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में एक पड़ाव मात्र है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, प्रदेश में सदस्यता की पूरी टोली जिस तरह से जुटी है उसके साथ ही जिलावार संगठन के सारे पदाधिकारी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। हम लगातार केन्द्रीय संगठन द्वारा तय लक्ष्यों को पूरा करने में सफल हो रहे हैं। निर्धारित समय में लक्ष्यों को पूर्ण करने की दिशा में और जुटना होगा। प्रदेश सदस्यता संयोजक अनुराग सिंहदेव ने कहा, हर मोर्चा-प्रकोष्ठ सहित सभी के जो लक्ष्य तय किए गए हैं उस दिशा में हमें आशातीत सफलताएं मिल रही हैं। फिर भी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हमें और सक्रियता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता रथ यात्रा निकाली गई है उसमें युवा मोर्चा की सहभागिता अधिक हो इस पर भी सभी को जुटने की जरूरत है। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, महामंत्री द्वय संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, रामजी भारती, सांसद रूपकुमारी चौधरी, सदस्यता अभियान के सह प्रभारी डॉ. नवीन मारकंडे, संभाग प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, जिला सदस्यता प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व सदस्यता अभियान टोली की सदस्य मौजूद थे।

### प्रदेश में भाजपा के पहले 31 लाख सदस्य थे




### रद्द किए गए आवेदनों में सबसे ज्यादा रायपुर जिले के

# श्रमिक पंजीयन के लिए 42 लाख से ज्यादा आवेदन, 15 लाख से ज्यादा रद्द

## 40 हजार लंबित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

श्रमिक पंजीयन के लिए राज्यभर से इस बार 42 लाख 90 हजार 586 आवेदन आए हैं। इनमें से अब तक 26 लाख 53 हजार 854 श्रमिकों का पंजीयन किया जा चुका है, वहीं 39 हजार 828 श्रमिकों का पंजीयन अभी लंबित है। इनमें 30 दिन से अधिक लंबित करीब साढ़े चार हजार आवेदन हैं। इसके अलावा 15 लाख 96 हजार 814 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किए गए हैं। रद्द किए गए आवेदनों में सबसे ज्यादा रायपुर जिले के हैं। यहां 2 लाख 65 हजार 138 आवेदन रद्द किए गए हैं। इसके अलावा राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद में एक लाख से अधिक श्रमिकों के आवेदन रद्द हुए हैं।




### नवीनीकरण के लिए आए 879269 आवेदनों में 27933 आवेदन लंबित

विभाग के आकड़ों के अनुसार श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण के लिए कुल 8 लाख 79 हजार 269 आवेदन किए गए हैं। इनमें से 6 लाख 90 हजार 223 श्रमिकों का नवीनीकरण हो गया है, वहीं 27 हजार 933 आवेदन अभी लंबित हैं। इनमें 15 दिन से अधिक समय से लंबित 12 हजार 441 आवेदन है। नवीनीकरण के आए आवेदनों में 1 लाख 61 हजार 102 आवेदनों को विभिन्न कारणों से निरस्त किए गए हैं।

### जिलेवार पंजीकृत श्रमिक- लंबित एवं निरस्त आवेदनों का विवरण

| जिला | कुल प्राप्त | लंबित | निरस्त |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 699303 | 432534 | 265138 |
| बलौदा बाजार | 197980 | 88359 | 105514 |
| गरियाबंद | 104463 | 66147 | 37350 |
| धमतरी | 238800 | 116959 | 117904 |
| महासमुंद | 285251 | 139753 | 141976 |
| बिलासपुर | 313678 | 189425 | 122761 |
| मुंगेली | 64216 | 46157 | 17526 |
| कोरबा | 149251 | 103866 | 44753 |
| जांजगीर-चाम्पा | 188286 | 97871 | 88842 |
| रायगढ़ | 122398 | 71012 | 50220 |
| गोरेला पेंड्रा मरवाही | 15316 | 11209 | 3930 |
| बस्तर | 45140 | 38976 | 5419 |
| कोंडागांव | 37100 | 27990 | 8118 |
| कांकेर | 89517 | 71142 | 17410 |
| दन्तेवाड़ा | 33868 | 26872 | 6649 |
| सुकमा | 42861 | 37787 | 4868 |
| नारायणपुर | 18691 | 17627 | 873 |
| बीजापुर | 14467 | 12701 | 1747 |
| सरगुजा | 93852 | 54896 | 37743 |
| सुरजपूर | 167876 | 117479 | 48756 |
| बलरामपुर | 64612 | 47702 | 16277 |
| कोरिया | 71734 | 50619 | 20663 |
| जशपुर | 42249 | 33025 | 9018 |
| दुर्ग | 214198 | 131670 | 81374 |
| राजनांदगांव | 311079 | 121862 | 187536 |
| बालोद | 174730 | 109153 | 63788 |
| बेमेतरा | 147170 | 90735 | 52946 |
| कवर्धा | 117895 | 83087 | 33959 |
| मोहला-मानपुर- | 22099 | 21039 | 435 |
| खैरागढ़-छुईखदान | 31717 | 29545 | 922 |
| सक्ती | 75430 | 74063 | 607 |
| मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी | 28594 | 28084 | 160 |

# बघेल ने लोहारीडीह की घटना पर सरकार से पूछे पांच सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**





पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोहारीडीह घटना पर सरकार से पांच सवाल पूछे हैं। उन्होंने इसके पीछे गृह मंत्री विजय शर्मा की भूमिका बताते हुए गृहमंत्री पर स्थानीय लोगों को धमकाने का आरोप लगाया।

गृहमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा, आप जांच एजेंसी को जांच करने दीजिए, खुद जांच एजेंसी मत बनिए। सभी मामलों पर जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में श्री बघेल ने लोहारीडीह घटना पर कहा, कचरू साहू की हत्या की गई है, उन्होंने आत्महत्या नहीं की है। उनके परिवार वाले और स्थानीय लोगों का यह मानना है। उनकी बेटी ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित जिले के एसपी को पत्र लिखा है। इसी आधार पर मैंने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने यह सवाल उठाया कि प्रशांत साहू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या निकला। तीसरा जो 69 लोग गिरफ्तार हुए थे, उनके खिलाफ धाराएं क्या लगीं। 169 लोग कौन हैं, जिन पर एफआईआर दर्ज की है। चौथा सवाल कि दंडाधिकारी की जांच का दायरा क्या है, किन-किन मामलों की जांच की होगी और अंत में दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ कब एफआईआर की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, झनक नाम का व्यक्ति कचरू साहू के साथ गया, लेकिन उससे कोई पूछताछ नहीं की गई। वह आज भी गांव में खुलेआम घूम रहा है।

### अपराध की राजधानी

वहीं कवर्धा में अपराध बढ़ने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, आज कवर्धा अपराध की राजधानी बन चुका है। हत्या, बलात्कार, जुआ-सट्टा कवर्धा में पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा है। ये स्पष्ट है कि इसमें गृह मंत्री की भूमिका है। वहीं लोहारीडीह की घटना पर गृहमंत्री के लोगों को धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री ने बच्ची से कहा, तुम बहुत ज्यादा मोबाइल में बात कर रही हो।

### उप मुख्यमंत्री का पलटवार

उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लगाए आरोपों पर कहा, पहले आप जांच एजेंसी को जांच करने दीजिए, खुद जांच एजेंसी मत बनिए। मैं पूछना चाहता हूं कि बिरनपुर में भुनेश्वर साहू को मारा गया, उनके यहां गृह मंत्री क्यों नहीं गए?, कवर्धा में जब लोगों को पीटा गया, तब मुख्यमंत्री क्यों नहीं गए?, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री थे। कवर्धा में गांव में एक परिवार के बीच का झगड़ा है, उसे शांत होने दीजिए। जांच पूरी होगी, सभी मामलों पर जांच होगी, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# शासकीय कार्यालयों में जगह-जगह पसरी गंदगी और कचरे का ढेर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

राजधानी रायपुर में इन दिनों स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन सहित विभिन्न सरकारी संस्थाओं से लेकर राजनीतिक दलों के लोगों द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई शासकीय कार्यालयों में ही स्वच्छता अभियान का मखौल उड़ाया जा रहा है। ये शासकीय कार्यालय कोई और नहीं, बल्कि कलेक्टोरेट और तहसील कार्यालय है। इन दोनों कार्यालयों में जगह-जगह गंदगी और कचरों का ढेर लगा हुआ है, जिसके कारण इन कार्यालयों के स्टॉफ से लेकर आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रायपुर तहसील कार्यालय में भी नियमित सफाई नहीं होने से यहां अक्सर जगह-जगह गंदगी और कचरों का ढेर लगा रहता है।कार्यालय के अंदर परिसर में कई तहसीलदारों के कोर्ट के बाहर



बरामदे के पास कचरों का ढेर लगा रहता है। तहसीलदारों की कोर्ट में सुनवाई और अन्य काम से आने वाले लोगों को इस गंदगी और दुर्गन्ध के बीच में कोर्ट के बाहर बैठकर या खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। कलेक्टोरेट में रजिस्ट्री भवन, कृषि विभाग और लोकसभा कार्यालय परिसर में भी भारी गंदगी पसरी हुई है। यहां भी नियमित रूप से सफाई नहीं की जाती है, जिसके कारण हर रोज यहां गंदगी पसरी मिलती है। यही नहीं, कई जगह पर कचरे का ढेर भी लगा रहता है।

### कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में जगह-जगह पसरी गंदगी

कलेक्टोरेट की तीन मंजिल बिल्डिंग में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। इस बिल्डिंग की सीढ़ियों और दीवारों के पास नियमित सफाई नहीं होने से हमेशा गंदगी पसरी रहती है। इसके कारण इन सीढ़ियों से चढ़कर आना-जाना करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। इन सीढ़ियों की दीवारों पर कई जगह पर पान-गुटखा भी थूक दिया गया है। इस गंदगी को भी साफ नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि इस बिल्डिंग में सिर्फ एक लिफ्ट लगी हुई है। इस लिफ्ट के अंदर भी पान-गुटखा के थूकने से गंदगी पसरी हुई है। इसके कारण कई अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस लिफ्ट से आना-जाना भी बंद कर दिया है। इस बिल्डिंग के बाथरूम का भी बद से बदतर हाल है। सफाई के अभाव में बिल्डिंग के रूम नंबर 21 के बगल में बने बाथरूम का भी उपयोग करना छोड़ चुके हैं।

# मौत के बाद भी स्टेशन में नहीं सुधर रही यात्रियों की लापरवाही, चलती ट्रेन में चढ़ने का जानलेवा प्रयास जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

राजधानी के रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को एक यात्री द्वारा चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान फिसलने से दर्दनाक मौत हुई थी, जिसके बाद भी स्टेशन में यात्रियों द्वारा जानलेवा लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को भी ट्रेनें में जल्दबाजी में यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास यात्रियों द्वारा किया जा रहा है। रायपुर रेलवे स्टेशन पर ही यात्रियों की लापरवाही से मौत और जख्मी होने की मामले सालभर में बढ़ रहे हैं। प्लेटफार्म पर आरपीएफ के दो

- स्टेशन में शुक्रवार को पैर फिसलने से यात्री की हुई थी मौत, घटना के बाद भी आरपीएफ और यात्रियों ने नहीं लिया सबक



जवान तैनात होते हैं, जो ट्रेन के चलने के बाद यात्रियों को चढ़ने से मना करते हैं। इसके बाद भी यात्री अपनी जान को जोखिम डाल कर चलती ट्रेन में चढ़ रहे हैं। रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में रोज यात्री स्वयं अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसी ही लापरवाही पर एक दिन पहले ही एक यात्री को जान से हाथ भी धोना पड़ा था। आरपीएफ की जागरूकता के बाद भी यात्री चलती ट्रेन से चढ़ने-उतरने का प्रयास कर रहे हैं।

### ज्यादातर यात्रियों की अच्छी रही किस्मत

शनिवार को जब हरिभूमि ने पड़ताल की, तो पता चला कि हर ट्रेन में यात्रियों द्वारा जानलेवा प्रयास किया जा रहा है। आरपीएफ की मौजूदगी में यात्री चलती ट्रेन में चढ़ रहे हैं। हल्की से लेकर अधिक स्पीड तक में यात्री चढ़ने का प्रयास करते रहे। संपर्क क्रांति, छत्तीसगढ़, दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों की किस्मत अच्छी रही कि ट्रेन में चढ़ने में सफल रहे। आरपीएफ का कहना है कि ट्रेन की हल्की स्पीड भी उतरने और चढ़ने लायक नहीं होती। रेलवे स्टेशनों पर तैनात आरपीएफ के जवान सालभर में दर्जन से अधिक यात्रियों की जान बचा चुके हैं।

### 40 संचालकों से निगम ने वसूला 20 हजार जुर्माना

**रायपुर।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग, जेडएचओ एवं स्वच्छता दीदियों ने शनिवार को राजधानी रायपुर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में दुकानों के सामने सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान 40 दुकानों के सामने गंदगी पसरी मिलने पर उनके संचालकों पर जुर्माना लगाकर 20 हजार रुपए वसूला। निगम प्रशासन के निर्देश पर शहर के सभी जोन क्षेत्रों में निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छता दीदियों की टीम ने गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की। टीम ने शहर के सभी जोन क्षेत्र के शंकर नगर, अवंति विहार, लाखेनगर, अश्विनी नगर, अशोक नगर सहित अन्य मुख्य बाजार में यह अभियान चलाया। इस दौरान 40 दुकानों के सामने भारी गंदगी पसरी मिली। टीम ने इन दुकानों के संचालकों पर 5-5 सौ रुपए का जुर्माना लगाकर कुल 20 हजार रुपए वसूला।

# सरपंच व सचिव ने डकारे साढ़े पांच लाख रुपए, नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

जिले के तीनों ब्लाकों में करीब पचास ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों ने साढ़े पांच लाख रुपए डकार गए हैं। अब इन बकाया राशि को वसूलने प्रशासन को एड़ी चोटी की जोर लगानी पड़ रहा है। कई सरपंच जहां भूतपूर्व हो गए है, वही सचिवों की भी ठौह बदल गई है। बहरहाल बकायादारों को जिला पंचायत द्वारा नोटिस जारी की गई है। त्रिस्तरीय चुनाव के पहले गबन की राशि वसूलने जारी किए गए नोटिस से हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विगत तीन सितंबर 2024 को पंचायत संचालनालय द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर वसूली के निर्देश दिए गए थे। जानकारी अनुसार गांव में विकास कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा राशि जारी की जाती है। हालांकि जिले के तीनों ब्लाको में ऐसे प्रकरण ज्यादा है, जिसमें ग्राम पंचायत से आय से होने वाली राशि को गबन के प्रकरण ज्यादा हैं।

ग्राम पंचायतों को जारी किए गए राशि का जब आडिट किया गया तो एक नही बल्कि 49 ग्राम पंचायतो में गबन की राशि लाखों में होने की बात सामने आई है। दुर्ग ब्लाक के दस ग्राम पंचायत 1 लाख 79 हजार 206 गबन के मामले है। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग, बिरेझर, अंजोरा ख, करंजा भिलाई, निकुम, कातरो, जंजगिरी, डांडेसरा, पुरई शामिल है। वही पाटन के तीस गांव में दो लाख 88741 रूपए का मामला है। जिसमें जनपद पंचायत पाटन, ग्राम पंचायत खुडमुडा, अचानकपुर, फुंडा, बेल्हारी, गातापार, सावनी, मर्रा, फेकारी, कुम्हली, बटरेल, तरीघाट, कुर्मीगुंडरा, तेलीगुंडरा, भरर, कौही, अरसनारा, कानाकोट, रवेली, सुरपा गांव शामिल है। इसके आलावा धमधा में भी नौ गांव में 82861 रूपए गबन किए गए है। जिसमें नंदिनी खुंदिनी, रौंदा, कोडिया, विरोदा, गोढी, नवागांव पु, पोटिया मे, अरसी, दनिया शामिल है।

### नही लड़ सकेंगे चुनाव, देनी होगी राशि

वित्त की राशि को गबन करने वाले वर्तमान सरपंच आगामी त्रिस्तरीय चुनाव नही लड पाएंगे। ऐसे सरपंचों को धारा चालीस के तहत कार्यवाही की जाएगी, वही तत्कालीन सरपंचों पर धारा आरआरसी के तहत कार्यवाही होगी। हालांकि गबन किए गए ज्यादा ग्राम पंचायत में पूर्व सरपंच का ही हाथ है, वही ज्यादातर मामले में सचिव की भी संलिप्तता पाई गई है।

### एनओसी मिलने तक उत्खनन पर रोक

# 4 दिन बाद खुल जाएंगी रेत की खदानें सप्लाई शुरू होते ही गिरेगी कीमत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

रेत खदानों के उत्खनन पर लगा प्रतिबंध 10 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। इसके बाद 11 अक्टूबर से बंद खदानों में रेत का उत्खनन एवं परिवहन का काम भी शुरू हो जाएगा। अभी तक खदानें बंद होने के कारण रेत का परिवहन भी नहीं हो पा रहा था, जिसका फायदा माफिया एवं कारोबारियों ने उठाकर रेत की कीमत मनमानी बढ़ा दी है। बाजार में 8 से 12 रुपए फीट की जगह रेत 24 से 30 रुपए फीट की दर से बेची जा रही है। हालांकि बंद खदानें खुलने के बाद बाजार में रेत की सप्लाई बढ़ जाएगी, जिससे रेत की कीमत में भी गिरावट आएगी। इसके बाद आम लोगों को



महंगी रेत से बड़ी राहत मिलेगी। एनओसी मिलने तक उत्खनन पर रोकएनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार सीआ से एनओसी मिलने के बाद खदान में रेत का वैध रूप से उत्खनन किया जा सकता है। बिना एनओसी के अगर ठेकेदार खदान में उत्खनन करता है, तो वह अवैध है। इस तरह एनजीटी का प्रतिबंध हटने के बाद भी जिले में 5 खदाने खुल नहीं पाएंगी, क्योंकि सीआ से एनओसी मिले बिना खदानों में उत्खनन करना अवैध होगा। ऐसे में इन खदानों को खुलने में अभी और समय

### 13 खदानों में 5 को अब तक नहीं मिला एनओसी

जिले में रेत की 13 खदानों को ठेके पर दिया गया है। कांग्रेस शासनकाल में फरवरी 2023 में इन खदानों का टेंडर हुआ था। इसके बाद से अब तक इनमें से 8 खदानों को ही सीआ से एनओसी मिल पाई है, वहीं 5 खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिल पाई है। इन सभी खदानों के ठेकेदारों द्वारा एनओसी के लिए सीआ में आवेदन किए कई महीनें हो गए हैं, लेकिन अभी तक एनओसी मिल नहीं पाई है।

### *एनओसी बिना खदानों में उत्खनन की अनुमति नहीं*

जिन खदानों को सीआ से एनओसी मिली है, वही खुलेंगी। 8 खदानों को एनओसी मिल चुकी है, शेष को भी जल्द मिल जाएगी। 10 अक्टूबर को खदानों पर लगा प्रतिबंध खत्म हो रहा है। - केके गोलघाटे, उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

खबर संक्षेप

## लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया। हाल ही में नगरीय पंचायतों की समीक्षा बैठक में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद निलंबन कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया गया है।

## इंडिगो का सर्वर डाउन एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम




**रायपुर।** इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया। सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है। एक-दो फ्लाइट यहां पहुंची, जिसके यात्रियों को चेक इन की प्रक्रिया ऑफलाइन तरीके से पूरी करनी पड़ी। इसके साथ ही बोर्डिंग के लिए भी थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यात्रियों की भीड़ नजर आई। शाम होने के बाद जब यहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उस दौरान सर्वर की परेशानी में सुधार हो गया था। जानकार लोगों का कहना है कि इस परेशानी ने उन एयरपोर्ट के यात्रियों को ज्यादा जूझना पड़ा, जहां बड़ी संख्या में फ्लाइट की आवाजाही होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

## कर्मियों से पहले अस्पताल पहुंची कलेक्टर, फटकार

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में उस समय हडकंप मच गई जब कलेक्टर अचानक आ धमकी। इस दौरान उपस्थिति पंजी की जांच करने पर कई कर्मी ड्यूटी पर नही दिखे, जिससे नाराज कलेक्टर ने उन्हें जमकर फटकार लगाई और आगे इस बरत की लापरवाही पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी हैं। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने शनिवार को आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही प्रस्तावित नव निर्माण कार्यों पर संबंधित एजेंसी और अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की। उन्होंने मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक बदलावों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# किताब घोटाले में कांग्रेस की जांच समिति ने जिला अध्यक्षों से मंगाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## डीईओ और बीईओ कार्यालय को वितरण के लिए दी गई किताबों में कितनी हुई डंप

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुए डेढ़ सौ करोड़ से भी ऊपर के किताब महाघोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच समिति के निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ अंतर्गत सभी जिलों में शासकीय किताबों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। मामले में सात जिलों की पुस्तकों को रद्दी में बेचे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस सभी जिलों की जानकारी मंगा रही है।

कांग्रेस जांच समिति की बैठक में अब तक मामले की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। वहीं रायपुर जिले में कई स्कूलों में डंप पुस्तकों की जानकारी सामने आने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर जानकारी मांगने का निर्णय लिया गया। उनसे यह जानकारी मांगी गई है कि जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में वितरण हेतु कितनी शासकीय किताबें आयीं, कितनी आवंटन हुई और कितनी शेष बची हैं। अध्यक्षों को जिले के समस्त स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से जाकर भी जानकारी उपलब्ध करने कहा गया है। बच्चों को पुस्तकों का वितरण हुआ है या नहीं और कहीं पुस्तकें डंप करके तो रखी नहीं गई हैं। पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ किताब घोटाले की जांच समिति को पत्र के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने कहा गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को कलंकित करने वाले इस महाघोटाले के दोषियों के ऊपर जब तक कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से जारी रखेगी। जांच समिति में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, श्रीकुमार मेनन, उधोराम वर्मा और पप्पू बंजारे को रखा गया है।



### एसीएस रेणु पिल्ले से करेंगे मुलाकात

पुस्तक घोटाले के मामले में शासकीय जांच समिति की जांच पर संदेह जताते हुए कांग्रेस की जांच समिति ने तय किया है कि मामले में संलिप्त लोगों को हटाने की मांग को लेकर एसीएस रेणु पिल्ले से मिलेंगे। उनसे मिलकर समिति पाठ्यपुस्तक माफिया के बारे में श्वेतपत्र जारी करने, पाठ्यपुस्तक छपाई पर नई नीति बनाने की मांग, पाठ्यपुस्तक का छपाई भंडारण वितरण एवं प्राप्ति के समय दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। समिति का आरोप है कि सभी जिलों में 5 से 10 करोड़ की किताबों को डंप की गई हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के गोदाम से करीब 2 लाख की किताबें अगस्त माह में ही कबाड़ियों को बेची गई थीं।

# 3000 किलो बिकेगा सोना, त्योहारी सीजन में सराफा बाजार में बरसेंगे 3000 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के साथ ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। सराफा बाजार में इस समय जमकर लक्ष्मी की कृपा बरस रही है। वैसे इस बार तो पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रहा है, क्योंकि सोने और चांदी की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण ग्राहक कोई मौका नहीं गंवाना चाहते। जिसको जब मौका मिल रहा है, खरीदारी कर रहा है। इस बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 3000 किलो सोना बिकने की संभावना है। सोने और चांदी का तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा। ऐसे में चांदी भी थोक में हजारों किलो बिकेगी। चांदी की कीमत कम होने के कारण इसका कारोबार कम होता है।

- **चांदी की भी होगी जमकर खरीदारी, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस पर ही होगा 15 सौ करोड़ का कारोबार**

सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस समय सोना जहां 80 हजारी बनने की राह पर है, वहीं चांदी लखपति बनने बेकरार है। संभावना है कि पुष्य नक्षत्र से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख हो सकती है। वैसे इस समय कम से कम सोने की कीमत तो रिकॉर्डतोड़ चल रही है। पहली बार सोना 78 हजार के पार गया है। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत एक बार 97 हजार के पार जा चुकी है। चांदी अभी अपने पुराने रिकॉर्ड को पार नहीं कर सकी है।



### तीन हजार करोड़ के कारोबार की संभावना

इस बार त्योहारी सीजन में दीपावली तक छत्तीसगढ़ में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेशक भी लगातार खरीदारी कर रहे हैं। - *कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन*

### यह है तीन टन सोना बिकने का गणित

सोने की कीमत इस समय 78 हजार रुपए दस ग्राम है। यह कीमत अगर 80 हजार तक गई तो कीमत 80 लाख रुपए किलो हो जाएगी।इस कीमत से हिसाब लगाया जाए तो दीपावली तक सोना तीन हजार किलो, यानी तीस क्विंटल मतलब तीन टन बिकेगा, क्योंकि कारोबारी दीपावली तक तीन हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। ऐसे में 80 लाख के हिसाब से 3000 किलो सोने की कीमत 24 सौ करोड़ होती है। इतने का सोना आराम से बिकेगा, संभावना इससे ज्यादा के बिकने की है, क्योंकि तीन हजार करोड़ की खरीदारी में चांदी की खरीदारी ज्यादा नहीं होगी। वैसे निवेशक रोज पांच करोड़ का निवेश जरूर चांदी में भी करते हैं। इसी के साथ चांदी के बर्तन, जेवर भी बिकते हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक सीजन में चांदी की बिक्री पांच सौ करोड़ के आस-पास होगी।

### पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर होगी ज्यादा खरीदारी

यूं तो छत्तीसगढ़ में सराफा बाजार में 50 से 60 करोड़ का कारोबार रोज होता है। इसमें से 50 फीसदी कारोबार निवेशकों का है। निवेशक 20 से 25 करोड़ का सोना खरीदते हैं। रोज की बिक्री ही करीब एक माह में 15 सौ करोड़ से ज्यादा की हो जाती है। बाकी की 15 सौ करोड़ की बिक्री का अनुमान पुष्य नक्षत्र और धनतेरस का है। इन दोनों दिनों में प्रदेश में आसानी से 15 सौ करोड़ का कारोबार हो जाता है। बीते साल भी इतने का कारोबार हुआ था। इस बार इससे ज्यादा कारोबार हो सकता है, सोने की बढ़ती कीमत के कारण शादियों के लिए भी अभी से जमकर खरीदारी हो रही है।

## सुखाताल के ग्रामीणों को हो रही सोसायटी के सेल्समैन से परेशानी




**दाढ़ी।** ग्राम पंचायत सुखाताल की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों को तय कीमत से अधिक पर राशन दिए जाने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सेल्समेन हितग्राहियों का राशन कार्ड अपने पास जमा करवा लिया और समय खत्म हो गया करके दुकान बंद कर चला जाता है।

ग्राम पंचायत सुखाताल के हितग्राही रमेश टंडन ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर जब से इस समिति के संचालक ने चावल देना शुरू किया है तब से शक्कर 20 प्रति किलो कि दर से दिया जा रहा है। इसके अलावा हितग्राही यह भी कहना है कि राशन लेने पहुंचते हैं तो उसने दुर्व्यवहार किया जाता है। वहीं, अपनी मर्जी से राशन बांटता है, जिसके कारण कई लोग राशन से वंचित रह जाते हैं। गांव के लोग मजदूरी करने सुबह निकाल जाते हैं। वहीं सेल्समेन 12:00 दोपहर बजे तक दुकान बंद कर चला जाता है। इससे दुकान खुली है या नहीं यह देखने के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है। साथ ही ग्राम पंचायत के कई लोगों को राशन बांटने की सूचना नहीं मिल पाती इससे वे राशन के लिए भटकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में लगभग 615 राशन कार्ड है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 17 की जगह 20 लेकर शक्कर दिया जा रहा है।


# सण्डी स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला संडी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पालकों को बच्चों के तिमाही परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया गया। उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों के पालकों को बधाई दी गयी। पालकों को अपार आई डी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। पालकों को दीक्षा एप, जादूई पिटारा का मोबाईल में कैसे उपयोग करे जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ पालकों से अपील की गई कि बच्चों के लिए घर में पढाई का एक कोना सुनिश्चित करें और पढ़ने का वातावरण बनाये। विद्यालय से घर आने के बाद बच्चों से पूछे की आपने आज स्कूल में क्या सीखा। होम वर्क के बारे में जानकारी प्राप्त करे। शिक्षक ओमनारायण साहू ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों से सुझाव भी लिया। पालक शिक्षक मेगा बैठक में पालक समुदाय से सेवाराम साहू, जीवन राम मिर्झा, होरीलाल साहू, अंगद साहू, तोरण साहू, मनोज साहू, शरद साहू, ईश्वरी साहू, बंकट निषाद, सुनीता साहू, शिक्षक समुदाय से प्रधान पाठक पी डी महिलांग, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, मनीषा देवांगन, नीलेश वर्मा, फिरोज कुमार जोशी उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्र की धूम, उमड़े भक्त



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में शारदीय नवरात्रि की धूम। समिति के अध्यक्ष रुपराम साहू ने बताया कि लगातार नवदुर्गा की प्रतिमा प्रत्येक वर्ष स्थापित करते आ रहे है। श्रद्धालु अपने मनोकामना पूरा करने आसपास के गांवों से पंडाल में पहुंचकर अपनी मनोकामना पूरा करने के लिए पूजा अर्चना कर रहे है। आदर्श क्लब छत्तीसगढ़ बाजार चौक सेलूद के दुर्गा मंच में माता के नवरुपों की अलग-अलग मूर्ति स्थापित की गई है। विगत 20 वर्षों से बाजार चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि 15 फुट ऊपर माँ दुर्गा के नवरुपों को अलग-अगल स्थापित किया गया है। इस झांकी को विष्णु पुराण से ली गई कथा परशुराम द्वारा अपने ही माता का गला काटने की सजीव झांकी दिखाई जा रही। जिसे देखने गांव के साथ आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु आ रहे है।

# मिडिल स्कूल जानो के प्रधान पाठक ठाकुर सेवानिवृत्त हुए, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

मिडिल स्कूल जानो में पिछले 13 वर्षों से प्रधान पाठक के पद पर सेवारत सुशील कुमार ठाकुर को ससम्मान विदाई दी गई। उन्होंने अपनी कुल 42 वर्षों की सेवा अवधि में से 37 वर्ष इसी ग्राम जानो में अपना शिक्षकीय कार्य पूर्ण किया। आपने 8 जुलाई 1982 से 30 सितम्बर 2024 तक शिक्षकीय कार्य को लगन निष्पक्ष वा ईमानदारी से पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके द्वारा किए गए कार्यों तथा उनके व्यवहार के कारण उन्हें विदाई देने के दौरान ग्रामीण भावुक हो गए। वहीं, श्री ठाकुर ने स्वयं भावुक स्वर में कहा कि वे इस ग्राम से मिले सम्मान को कभी नहीं भूल पाएंगे।

विदाई समारोह के साथ ही पालक-शिक्षक मेगा बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान तिमाही परीक्षा के परीक्षाफल पर चर्चा की गई।

इसके साथ ही उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पिछले सत्र 2023-24 में प्रावीण्य सूची प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी मोमेंट एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल जानो के समस्त शिक्षक अश्वनी नेताम, राकेश देवांगन, युवराज साहू, संतराम वर्मा, तमेंद्र साहू, रीना वर्मा, गौरीशान, दिलीप देवांगन, ओमप्रकाश भुवार्य, सीएसी सरोज यदु, कुंभलाल वर्मा, सरपंच विनोद पटेल, गजभीय, छगन पटेल, हेमंत कौशल, रामाधार, बीआर छेदैहा, कमलेश यादव, पुरषोत्तम साहू तथा ग्रामीण व विद्यार्थी उपस्थित थे।



## तोमर ने राज्य युवा आयोग अध्यक्ष का पदभार संभाला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के नए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने शनिवार को युवा आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, युवा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा, अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक शुशांत शुक्ला शामिल हुए।

## पेज 9 के शेष

### बैंकों, बाजारों में पार्किंग की व्यवस्था ...

भी खरीदी के लिए आने वाले ग्राहक सड़क पर गाड़ी खड़ी कर रहे हैं। इससे यातायात प्रभावित हो रही है और सड़कों पर जाम लग रहा है।

**जाम में फंस रहे हैं लोग हो रहे परेशान:** नवरात्रि में मंदिरों में पूजा दर्शन के साथ-साथ खरीदी के लिए लोग मार्केट पहुंच रहे हैं। लेकिन सड़क के बीच तक वाहन खड़ा होने से आने जाने वाले वाहन चालकों के लिए रास्ता तक नहीं बचता। ऐसे में जाम से वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा दुकानदार ग्राहकों के वाहन को खड़ा करवाने में ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**फुटपाथ तक दुकानों का कब्जा:** शहर के कई इलाकों की सड़क पर हो रहे व्यवसाय से लोगों को परेशानी हो रही है। फुटपाथ तक काबिज दुकानों और सड़क पर खड़े बेतरतीब वाहन लोगों की मुसीबतें बढ़ा रहे हैं। सड़क पर खड़े वाहन, सड़क पर अवैध पार्किंग ,अनलोड करते वाहन दुकानों के सामान सड़क किनारे रख रहे हैं। इस वजह से सड़क संकरी हो रही है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती वही लोगों को आवागमन में समस्या होती है।

### श्री राम मंदिर की भूमि की रजिस्ट्री ....

क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। इससे मंदिर की सम्पत्ति सुरक्षित रह सके जिससे इस तरह के लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ ना कर सकें। उक्त जमीन की रजिस्ट्री को रद्द कर पुनः श्रीराम चंद्र जी मूर्ति मंदिर मजगांव के नाम से नामांतरित की जाए। दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष बंशी पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, मजगांव रामचंद्र जी मूर्ति मंदिर में भूमि दान करने वाले काशी साहू के पुत्र मोहन साहू, दुर्गा साहू भी उपस्थित थे।

### बिना सबूत के मुझे बदनाम ...

जमीन को पानी के मोल खरीदा गया है, तथा शासन को रजिस्ट्री शुल्क में बट्टा लगाया गया है। साथ ही साथ यह भी बताना चाहूंगा कि विक्रय की राशि श्रीराम चंद्र मूर्ति मंदिर के खाते में भी नहीं गई है, सर्वराकार को व्यक्तिगत लाभ के लिए भाजपा नेता ने यह राशि दी है। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है आनन-फानन मे इस भूमि को करोड़ों में एक स्थानीय भाजपा नेता को जमीन बेच दी है, जिसकी रजिस्ट्री प्रक्रिया हो चुकी है। किन्तु अब तक पंजीयन क्रमांक प्रदान नहीं किया गया है।









## खबर संक्षेप

### पिकरीपार में बटरेल वालों का रंगझाझर कार्यक्रम आज

**बालोद/कलंगपुर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पिकरीपार के तत्वावधान में सोमवार को रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रंगझाझर बटरेल की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी तुकाराम साहू ने दी।

### चर्च परिसर में लगी आग

**भिलाई।** क्रिश्चयन सेक्टर-6 में शार्ट सर्किट होने से चर्च परिसर में आग लग गई। सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। इसके बाद घंटे भर की मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-6 स्थित क्रिश्चयन चर्च में शनिवार क शाम को शार्टसर्किट हो गया। आग लगने से हड़कंप मच गया। आग को किसी तरह बुझाया गया। बड़ा हादसा होते बच गया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी के बाद शार्ट सर्किट की वजह से हादसा होने की बात कहीं है। मामले में जांच की जा रही है।

### नौकरी लगाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**भिलाई।** महिला आरक्षक ने नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि लिंक रोड कैम्प 2 निवासी आरती अग्रवाल के परिवार का होटल का कारोबार है। तीन माह से किराए में दिया गया है। कारोबार के दौरान नवम्बर 2023 में एक महिला होटल में चाय नाश्ता करने आती रहती थी। जिससे परिचय हो गया था। महिला का नाम मोहन नगर में पदस्थ आरक्षक मोनिका सोनी उर्फ मोनिका गुप्ता होना बताई। पढ़ाई को लेकर पूछने पर आरती ने उसे बीएड कर प्राइवेट नौकरी करने की बात बताने पर मोनिका ने शिक्षा विभाग में सेटिंग होने का झांसा देरर नौकरी लगाने के एवज में 50 हजार रुपए ले ली। लेकिन आज तक आरती का नौकरी नहीं लग पाया। मोनिका गुप्ता कुल 1.50 लाख रुपए में बातचीत कर ली। फिर 5 हजार पहले लगने की बात कहने पर उसे 50 हजार रुपए दिया गया।

### नवरात्रि पर बच्चों व पालकों ने दी रास गरबा की प्रस्तुति

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर रास गरबा का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्य किया। साथ ही कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्राओं ने डांडिया नृत्य भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता दुर्गा के छायाचित्र पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष नोपचंद जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु उपाध्यक्ष शिवेंद्र बहादुर साहू, एमएआर खान, चित्रलेखा टंडन, परम साहू ने किया। अंत में पालकों ने नृत्य किया। इस इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम सफल बनाने में प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्या शायनी मैथ्यूस, प्रधान पाठिका नोम साहू, ईश्वरी यादव, विमला साहू, स्वाति साहू, महेंद्र गौतम, ज्योत्सना एवं सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## शोभायात्रा : महाराष्ट्र के नागपुर से आई काली माता की जोत झांकी के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

# शहर में धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभायात्रा माता भद्रकाली को चढ़ाई 51 फीट लंबी चुनरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शनिवार को भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। माता कालिका मंदिर से पूजा अर्चना कर 51 फीट की चुनरी शहर स्थित माता भद्रकाली मंदिर में चढ़ाई गई इसके पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महाराष्ट्र के नागपुर से आई काली माता जोत झांकी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान विधायक साहू माँ भद्रकाली सहित नगर के विभिन्न पंडालों में विराजमान शक्ति की देवी माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। चुनरी यात्रा में नगर से आसपास ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए। चुनरी यात्रा में नगर से आसपास ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भव्य चुनरी यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा शाम 7 बजे कालिका मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए माँ भद्रकाली मंदिर में माँ भद्रकाली की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाकर समापन किया गया।

चुनरी यात्रा के आयोजक पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा ने बताया कि नागपुर से आई काली माता की जस झांकी का ऐसा कार्यक्रम जिसमें नगर सहित आसपास के हजारों की संख्या में माता रानी के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता काली का विराट स्वरूप वह भी नवरात्रि के पावन अवसर पर दर्शन नगरवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर रहा। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि यह आयोजन बेमेतरा नगर कि ऐतिहासिक कार्यक्रम है। इससे पहले मैंने एक बार भी इस प्रकार की कार्यक्रम का आयोजन बेमेतरा नगर मे नहीं देखा था। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति मां कालिका मंदिर परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस समय नवरात्रि की धूम है सभी मातारानी के भक्त पूरे जोश और उमंग के साथ माँ दुर्गा के उपासना और भक्ति भाव में लीन हैं।





**श्रद्धालुओं में छलका उत्साह :** चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया। साहू ने कहा कि लगभग 1,000 से अधिक श्रद्धालु, जिनमें महिलाएं और पुरुष बुजुर्ग बच्चे सभी इस कार्यक्रम में शामिल थे, यात्रा में भाग लेने पहुंचे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर कोई माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुआ। चुनरी यात्रा का यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। श्रद्धालुओं की भारी संख्या और उनके उत्साह ने इसे एक दम अलग बना दिया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू,ओबीसी मोर्चा जिला राजू देवांगन,विकाश तम्बोली,धर्मेंद्र साहू,केशव साहू,निशा चौबे,गौरव साहू, ओमकार साहू,पिंकी नेमा गुप्ता,दीनानाथ साहू,राजीव तम्बोली,आशीष साहू,टिकेंद्र साहू,वीरेंद्र साहू,ओमेश्वरी साहू, रानू साहू,सहित आयोजक समित के समस्त सदस्य गण,नगरवासी, एवं आसपास के क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला अकोला में धूमधाम से मनाई नवरात्रि

**बेमेतरा।** साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में नवरात्रि पर्व बच्चों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने आटा और फूलों से रंगोली सजाई, दुर्गा माता का चित्र बनाई। नव दुर्गा के नव रूप धारण करने की कहानी को शाला की प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को विस्तार से बताई। उन्होंने नवरात्रि पर्व के बारे में भी बच्चों को विस्तार से बताई। बारी बारी से नव दुर्गा के नाम से बच्चों को अवगत कराई। साथ ही घर में अपनी माँ पिताजी की सेवा करने और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। नवरात्रि में माँ दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध करके देवताओं को उसके कष्टों से मुक्त किया था। इसलिए माता को महिषासुर मर्दनी भी कहते है। बच्चों को कथा सुनाई। जस गीत गाए। शिक्षिका हेमलता ठाकुर ने बच्चों को बताई कि त्यौहार का जीवन में बहुत महत्व है। हिरेश टंडन बच्चों को सुरक्षित त्यौहार मनाने कहा, पंचराम निषाद, मुन्नी यादव एवं ग्रामीण ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रसाद वितरण कर धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाया।



### सिंधी कॉलोनी में प्रतिदिन हो रही धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

सिंधी कॉलोनी में विराजित मां दुर्गा (मन्नतो वाली माता) का पंचमी पर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। समिति के सदस्य नारायण छाबड़ा ने बताया कि पंचमी का दिन मां काली को समर्पित होता है। इस दिन मां का श्रृंगार करने का एक अलग ही महत्व होता है और इस दिन विशेष श्रंगार करने से मां काली अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती है। साथ ही उन्होंने बताया कि माता जी के दरबार में लोगों को धर्म और सनातन संस्कृति के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिदिन संध्याकालीन आरती के बाद एक



धार्मिक प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने बताया कि सही उत्तर देने वाले श्रद्धालु को चांदी का एक सिक्का प्रदान किया जाता है। ऐसे धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वजह से माता जी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में तीन श्रद्धालुओं ने प्रश्न का सही जवाब देकर माता जी के आशीर्वाद स्वरुप चांदी का सिक्का जीता है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिवस डिंपल लालवानी, द्वितीय दिवस माही संतवाणी तथा तृतीय दिवस यश साहू ने पुरस्कार जीता है। उन्होंने बताया कि यह प्रश्नोत्तरी आगे नवमी तक भी चलेगी। 9 अक्टूबर दिन बुधवार सप्तमी को रात्रि 9 बजे से रायपुर के सुप्रसिद्ध गायक दीपक उदासी ग्रुप के जगराता का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## पाठ्य पुस्तकों के द्वितीय चरण के लेखन के लिए बेमेतरा से चार शिक्षकों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 पर आधारित एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए जा रहे कक्षा एक, दो, तीन, और छह, के विषय हिंदी, गणित, और कला पाठ्य पुस्तकों के लेखन का द्वितीय चरण का पांच दिवसीय द्वितीय चरण का कार्यशाला 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित किया गया।

जिसमें बच्चों के बुनियादी शिक्षा और संख्यात्मक ज्ञान को पुख्ता करने के साथ सर्वांगीण विकास के लर्निंग आउट कम्स के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु पाठ्य पुस्तकों की पाठ्य सामग्री सूची और अभ्यास कार्य को तैयार किया जा रहा है। जिसमें बेमेतरा जिला प्राथमिक शाला खिलोरा से सुचिता निषाद का चयन हिंदी विषय के पाठ्य पुस्तक लेखन के लिए किया गया है। सागरिका यादव हरदी बेरला, विकेश यादव गणित भरदा बेरला और अनिल वर्मा नवागढ़ का चयन विभिन्न विषय पर कार्य के लिए किया गया है। जिसके हिंदी लेखन कार्य प्रभारी जयललिता, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ ललित साहू, पाठ्यपुस्तक प्रकोष्ठ कौस्तव चटर्जी लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से चंदन यादव इंदौर,रूम टू रीड से ताहिर अली भोपाल, अजय मिश्रा डाइट व्याख्याता,पुष्पा शुक्ला रायपुर द्रोण साहू संबलपुर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से रवि सिंह रायपुर और छत्तीसगढ़ के महासमुंद, बलौदाबाजार जिले से एक-एक शिक्षक शिक्षिका सम्मिलित रहे।

> ■ लर्निंग आउट कम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए लिखी जा रही हैं किताबें

## नगर पंचायत दाढ़ी पहुंचा भाजपा का सदस्यता जागरण रथ, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**दाढ़ी।** भाजपा सदस्यता का जन जागरण रथ नगर पंचायत दाढ़ी पहुंचा जहां कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सदस्यता अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नगर पंचायत दाढ़ी में पूरी तरह सक्रिय होकर जुटे हुए हैं। जनपद सदस्य अर्पित गुप्ता लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। नगर पंचायत दाढ़ी के बसंत गुप्ता चौक पर सदस्यता बूथ लगाया गया। भाजपा नेता अर्पित गुप्ता ने रथ के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार के उपलब्धियां बताईं इसके अलावा विभिन्न वार्डों एवं पंचायत में आम जनों को भाजपा से जोड़े जाने की बात कहते हुए बताया कि रथ के माध्यम से लगभग 40 सदस्य बने ओर आगामी तीन दिनों तक सभी वार्डों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। यह रथ शुक्रवार साजा से खमरिया होते हुए दाढ़ी पहुंचा। सुरेंद्र साहू प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि इस अभियान में सभी वर्ग के लोगों युवा साथियों ने सदस्यता ग्रहण की। इसके पूर्व रथ के साथ चल रहे अर्पित गुप्ता ने कहा कि अन्य जिलों में भी भ्रमण किया जाएगा। युवाओं को सदस्य बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस दौरान बसंत गुप्ता, खिल्लु जायसवाल, दीपक कुंभकार, प्रतीक गुप्ता, महेंद्र जायसवाल सहित अन्य भाजपा के सदस्य उपस्थित रहे।



## मही-दही स्कूल में हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**बेमेतरा।** ग्राम मही दही में पालक शिक्षक मेगा बैठक शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों को बताया गया।

शासन की योजनाओ की जानकारी जिसमे पढ़ने का कोना,स्वास्थ सम्बन्धी चर्चा,समय प्रबंधन, शासकीय योजनाओं साथ ही अपार आई डी के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सुझाव आमंत्रित किया गया। साथ ही विषय से सम्बंधित समस्याओ पर चर्चा की गई। पालक शिक्षक मेगा बैठक में पालक समुदाय से जयनारायण,डाकवर,मया राम, सुनीता, मंजुला उदेराम, योगेश्वर, दशरथ साहू ,तेजकरण, मिथलेश समेत शिक्षक समुदाय से केपी साहू,एम पी श्रीवास, वैष्णव, जे साहू, हेमलता साहू, और अशोक कुमार उपस्थित हुए । प्राथमिक शाला महीदही में पदस्थ सहायक शिक्षक गजानंद वैष्णव एवं पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका जानकी ठाकुर दोनों ने अलग-अलग दिनों में न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी बच्चो को खीर पूड़ी, बड़ा, चावल, दाल, सब्जी पापड़, तिल का लड्डू परोस कर न्योता भोज कराया। इस दौरान शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## खैरझिटी कला स्कूल में किया गया पौधारोपण

**बेमेतरा।** दशहरा अवकाश के पहले शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी कला के समस्त स्टाफ और बच्चों ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार, प्रधान पाठक आरके वैष्णो, एसबी साहू, एम.नेताम, डीसी साहू, डीके श्रीवास, एजी मार्कण्डेय, के पटेल, डी पटेल समेत ग्रामवासी और सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## चीजगांव में हुई पालक व शिक्षक मेगा बैठक



**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में पालक, शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। पालकों से तिमाही परीक्षा परिणाम से अवगत कराया गया। उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों के पालकों को बधाई दी गई। पालकों को अपार आइडी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पालकों को दीक्षा एप जादुई पिटारा का मोबाइल में कैसे उपयोग करें, जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ पालकों से अपील की गई कि बच्चों के लिए घर में पढ़ाई का एक कोना सुनिश्चित करें। पढ़ने का वातावरण बनाएं। विद्यालय से घर आने के बाद पूछे कि आपने आज स्कूल में क्या सीखा। होम वर्क के बारे में जानकारी प्राप्त करें। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लोकेश कुमार साहू एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू, शिक्षक दीपक लाल ठाकुर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों से सुझाव भी लिए। इस अवसर पर मिठ्ठू साहू, उपसरपंच भगेला साहू, बलराम साहू, रामसहाय यादव, कार्तिक साहू समेत प्राथमिक शाला एवं स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धालुओं से की साइबर अपराध से सावधान रहने की अपील

# ग्राम संडी स्थित सिद्धी माता मंदिर परिसर में चला साइबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

आमजनों के बीच साइबर अपराधों की रोकथाम पर पुलिस महकमा ने जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बीते 5 अक्तूबर साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसी क्रम में ग्राम संडी के सिद्धी माता मंदिर परिसर एवं ग्राम खम्हरिया (एम) में साइबर जन जागरूकता का आयोजन कर साइबर जन जागरूकता रथ के बैनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट के माध्यम से आस-पास के ग्रामीण व श्रद्धालुओं को साइबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक किया गया। मौजूद नागरिकों के बीच अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि बैंक/एटीएम/क्रेडिट/अधार कार्ड संबंधित अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्तियों से साझा ना करें। किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर ना करें। अनजान फोन द्वारा कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तत्काल उस व्यक्ति/रिश्तेदारो से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लें। किसी भी अनजान फोन काल पर विश्वास न करें। किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। इस दौरान उन्होंने फेसबुक, वाट्सएप्प, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यूट्यूब एवं गुगल सर्च इंजन के माध्यम से होने वाले विभिन्न प्रकार की सायबर अपराध के विषय में विस्तार से जहां जानकारी दी वही साइबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाईन नंबर 1930 में कॉल करने या नेशनल साइबर क्राइम रिर्पोटिंग पोर्टल पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने समझाइ दिया । पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे एवं सायबर सेल के प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, आरक्षक पंचराम घोरबंधे ने ग्रामीणों को जानकारी मुहैया कराते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से होने वाले अपराधों से बचने के लिए हमेशा यह सुनिश्चित कर ले कि जो व्यक्ति फोन पर स्वयं को आपका पहचान वाला या कोई करीबी रिश्तेदार होना बता रहा है, वह वास्तव में वही व्यक्ति है या नहीं क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपराध करने वाले व्यक्ति हुबहु वैसे ही आवाज की नकल कर बात करते हैं। ऐसी स्थिति में अपने परिचितों से जरूर जानकारी लेना चाहिए। इस दौरान साइबर जन जागरूकता के संबंध में बेनर/पोस्टर से भी जगरूक किया गया। इस अवसर पर पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे एवं सायबर सेल के प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, आरक्षक पंचराम घोरबंधे, छोटु टेंबुलकर, कैलाश पाटिल एवं सिद्धि माता मंदिर ग्राम सण्डी में मंदिर समिति के अध्यक्ष रामकुमार साहू, तारण साहू, लखन साहू, छगन साहू, तथा ग्राम खम्हरिया (एम) के सरपंच दिलहरण साहू, धनु साहू, विशेष साहू, रमई साहू, रमेश चौहान, एवं बडी संख्या में महिला/पुरूष बच्चे उपस्थित रहे।



